लू के थपेड़ों के बीच बारिश देगी राहत

मौसम विज्ञान विभाग ने जारी किया अलर्ट, हीटवेव के बाद उत्तर और मध्य भारत में बारिश की संभावना

नई दिल्ली, 25 अप्रैल. भारत मौसम विज्ञान विभाग के ताजा अपडेट के अनुसार, अगले तीन दिनों तक हीटवेव का असर जारी रहेगा, लेकिन इसके बाद मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

विभाग ने संकेत दिया है कि उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश समेत कई राज्यों में बारिश होने की संभावना है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।देशभर में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है और उत्तर भारत के कई हिस्से इस समय भीषण हीटवेव की चपेट में हैं. भारत मौसम विज्ञान विभाग के

अनुसार, उत्तर और मध्य भारत के अधिकांश क्षेत्रों में अगले तीन दिनों तक लू चलने की संभावना है। इस दौरान तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रह सकता है।उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो इस मौसम का अब तक का उच्चतम स्तर है. दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और बिहार जैसे राज्यों में भी तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

27 के बाद बदलेगा मौसम का मिजाज

आईएमडी के अनुसार, 27 अप्रैल के बाद से मौसम का मिजाज बदलने लगेगा और उत्तर भारत के कई राज्यों में बारिश की गतिविधियां शुरू होंगी. 27 से 30 अप्रैल के बीच पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और राजस्थान में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाओं की संभावना जताई गई है।वहीं, 28 से 30 अप्रैल के बीच उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के पहाड़ी क्षेत्रों में 25 से 28 अप्रैल के बीच बारिश और बर्फबारी हो सकती है, जिससे तापमान में गिरावट आएगी।इसके अलावा, पूर्वोत्तर भारत में भी मौसम सक्रिय रहेगा. असम और मेघालय में 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और भारी बारिश की संभावना जताई गई है. मध्य भारत के मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी 27 से 29 अप्रैल के बीच गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है.

उर्वरक पर सियासत खत्म, देश में भरपूर भंडार

नई दिल्ली, 25 अप्रैल. उर्वरकों की कमी को लेकर उठ रही आशंकाओं के बीच केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और आपूर्ति मजबूत बनी हुई है.

सरकार के अनुसार, हाल ही में समाप्त हुए रबी सीजन 2025-26 के आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि सभी प्रमुख उर्वरकों की उपलब्धता मांग से काफी अधिक रही. न केवल रबी सीजन में बल्कि नए वित्त वर्ष की शुरुआत में भी उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है, जो आने वाले खरीफ सीजन के लिए राहत का संकेत देता है. देश में उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर उठ रही चिंताओं के बीच केंद्र सरकार ने स्थिति को पूरी तरह संतुलित और सुरक्षित बताया है. उर्वरक विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, रबी सीजन 2025-26 के दौरान सभी प्रमुख उर्वरकों की उपलब्धता उनकी वास्तविक आवश्यकता से काफी अधिक रही, जिससे किसी भी प्रकार की कमी की आशंका को खारिज किया गया है.

▸ रबी के बाद भी मजबूत उर्वरक आपूर्ति का दावा

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, रबी सीजन के दौरान यूरिया की उपलब्धता 257 .59 एलएमटी रही, जबकि इसकी आवश्यकता 196 .06 एलएमटी थी. इसी तरह डीएपी, एमओपी, एनपीके और एसएसपी जैसे अन्य उर्वरकों में भी आपूर्ति मांग से अधिक दर्ज की गई. यह दर्शाता है कि देश में उर्वरक प्रबंधन और वितरण प्रणाली प्रभावी ढंग से काम कर रही है. चालू वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत भी सकारात्मक संकेत दे रही है. अप्रैल 2026 के शुरुआती 23 दिनों के भीतर ही उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जो खरीफ सीजन के लिए मजबूत आधार तैयार करता है. सरकार के अनुसार, खरीफ 2026 के लिए अनुमानित कुल आवश्यकता 390 .54 एलएमटी है, जिसमें से लगभग 180 एलएमटी पहले ही स्टॉक में मौजूद है. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूरिया की कीमतें 4,000 रुपये प्रति बोरी से अधिक पहुंचने के बावजूद भारत सरकार किसानों को मात्र 266 .5 रुपये प्रति 45 किलोग्राम की दर से यूरिया उपलब्ध करा रही है.

भारत ने श्रीलंका को दी मेडिकल और सैन्य मदद

'आरोग्य मैत्री' पहल के तहत दो बीएचआईएसएम यूनिट क्यूब सौंपे

कोलंबो, 24 अप्रैल। भारत ने अपने पड़ोसी देश श्रीलंका के साथ संबंधों को और मजबूत करते हुए मानवीय सहायता और रक्षा सहयोग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। 'आरोग्य मैत्री' पहल के तहत भारत ने श्रीलंका को दो अत्याधुनिक बीएचआईएसएम मेडिकल यूनिट क्यूब सौंपे हैं, जो आपात स्थितियों में तुरंत चिकित्सा सहायता प्रदान करने में सक्षम हैं।

ये पोर्टेबल मेडिकल यूनिट एक साथ करीब 200 मरीजों के इलाज की क्षमता रखते हैं और इनमें जरूरी दवाइयों के साथ छोटे ऑपरेशन के लिए सर्जिकल

उपकरण भी मौजूद हैं। इस पहल का उद्देश्य आपदा या आपातकालीन स्थिति में त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।इसके साथ ही भारत ने समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करते हुए श्रीलंका नौसेना को 50,000 राउंड नौ मिमी गोला-बारूद भी देने की घोषणा की है। यह कदम दोनों देशों के बीच रक्षा और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

यह सहायता भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस निरीक्षक के जरिए कोलंबो पहुंचाई गई, जो 21 अप्रैल को वहां पहुंचा था। यह जहाज भारत और श्रीलंका के बीच चल रहे चौथे द्विपक्षीय डाइविंग अभ्यास में भाग लेने के लिए भी तैनात है, जो 27 अप्रैल तक जारी रहेगा।

आज का इतिहास

- 1654- यहूदियों को ब्राजील से निकाला गया.
- 1755- रूस का पहला विश्वविद्यालय राजधानी मॉस्को में खोला गया.
- 1828- यूनान की आजादी के समर्थन में रूस की तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा.
- 1903- गांधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में वकालत शुरू की और वहां ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना की.
- 1920- महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम का निधन.
- 1959- क्यूबा ने पनामा पर आक्रमण किया.
- 1962- अंतरिक्ष यान रेंजर-4 ने

एआई युग का डिजिटल गेटवे बनेगा जियो

बढ़ती डेटा खपत एआई आधारित सेवाओं की मजबूत नींव : आकाश अंबानी

मुंबई, 25 अप्रैल. रिलायंस इंडस्ट्रीज़ के ताज़ा नतीजों ने साफ संकेत दिया है कि कंपनी अब अपने अगले बड़े ग्रोथ फेज की ओर बढ़ रही है, जहां जियो सिर्फ टेलीकॉम नहीं बल्कि भारत का डिजिटल और गेटवे बनने की दिशा में काम कर रहा है.

कंपनी प्रबंधन के मुताबिक, जियो अब उस चरण में पहुंच चुका है जहां उसकी मजबूत कनेक्टिविटी और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर भविष्य में,द्ध आधारित सेवाओं के विस्तार की नींव तैयार कर रही है. रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश

अंबानी ने कहा कि जियो ने भारत को इंटरनेट युग से जोड़ा और अब 52 करोड़ 40 लाख से अधिक सब्सक्राइबर्स के साथ यह 'इंटेलिजेंस एरा' का डिजिटल गेटवे बनने की स्थिति में है. जियो की एडवांस कनेक्टिविटी और कंप्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए,द्ध सेवाएं देश के उपभोक्ताओं, घरों और व्यवसायों तक पहुंचेंगी. देश का सबसे बड़ा यूजर बेस और तेजी से बढ़ते 5प्रतिशत नेटवर्क के साथ, जियो का फोकस अब कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर को और गहराई तक ले जाने पर है. जियोफाइबर और जियोएयरफाइबर को केवल ब्रॉडबैंड सेवा नहीं, बल्कि एक ऐसे कनेक्टिविटी टूल के रूप में देखा जा रहा है, जो घरों और छोटे व्यवसायों तक हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचाकर डिजिटल और AI सेवाओं के इस्तेमाल को बढ़ाएगा.

तस्कर की 50 लाख रुपए की सम्पत्ति फ्रीज

भीलवाड़ा, 25 अप्रैल. राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक तस्कर की करीब 50 लाख रुपये की चल-अचल संपत्ति को फ्रीज कर दिया है.पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर आरोपी लाभचन्द उर्फ लाभू (39) निवासी उमर (चित्तौड़गढ़) की वित्तीय जांच की. जांच में पाया गया कि आरोपी ने तस्करी के पैसों से पैतृक गांव में जमीन और एक ट्रैक्टर खरीदा था, जिनकी वर्तमान बाजार कीमत 50 लाख रुपये है.

डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरानी नेताओं की हत्या का किया समर्थन

ट्रंप ने इस संदेश को ट्रुथ सोशल पर साझा किया

वाशिंगटन, 25 अप्रैल. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनके देश के साथ समझौते के पक्ष में न होने वाले ईरानी नेताओं की हत्या का समर्थन किया है.

वाशिंगटन पोस्ट के स्तंभकार मार्क थीसेन ने एक्स पर एक संदेश पोस्ट किया, जिसमें कहा गया है कि जो ईरानी नेता अमेरिका के साथ समझौते के पक्ष में नहीं हैं, उनकी हत्या कर दी जानी चाहिए. बाद में ट्रंप ने इस संदेश को ट्रुथ सोशल पर साझा किया. थीसेन के संदेश में कहा गया, अगर ईरान में दो धड़े हैं, जिनमें से एक समझौता चाहता है और दूसरा नहीं, तो समझौता न चाहने वाले नेताओं को हमें मार देना चाहिए. श्री ट्रंप के इस संदेश को साझा किये जाने पर ईरान ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है. ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने इसे %गंभीर नैतिक पतन का प्रमाण% बताया. प्रवक्ता ने कहा कि इस प्रकार के संदेश का समर्थन यह दर्शाता है कि अमेरिका अपने घोषित मूल्यों से हटकर हिंसा और उग्रवाद को बढ़ावा दे रहा है. उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने ऐसे व्यक्ति का संदेश साझा किया है, जो खुले तौर पर उन लोगों की हत्या की बात कर रहा है जो समझौते के पक्ष में नहीं हैं. श्री बाघेई ने कहा कि जो देश कभी लोकतंत्र, स्वतंत्रता और मानवीय मूल्यों का प्रतीक माना जाता था, वह अब हिंसा और हत्या को बढ़ावा देता दिखाई दे रहा है.

किंग चार्ल्स III के साथ चर्चा करेंगे ट्रम्प

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह ब्रिटेन के किंग चार्ल्स III के अमेरिका के दौरे के दौरान उनके साथ उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) और ईरान के खिलाफ अमेरिकी अभियान से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे. श्री ट्रंप ने एक न्यूज एजेंसी को फ़ोन पर बताया, मैं हर चीज़ के बारे में बात करूँगा. मैं इस पर चर्चा करूँगा. वे मेरे दोस्त हैं, और वे बहुत अच्छे इंसान हैं. रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन का डिजिटल सेवा कर भी चर्चा के विषयों में शामिल होगा. गौरतलब है कि बकिंघम पैलेस ने 31 मार्च को घोषणा की थी कि किंग चार्ल्स और रानी कैमिला अप्रैल में अमेरिका की राजकीय यात्रा पर जाएँगे. श्री ट्रंप ने बताया कि ब्रिटेन का शाही जोड़ा 27 से 30 अप्रैल के बीच अमेरिकी दौरे पर रहेगा. सोमवार से शुरू हो रही किंग चार्ल्स की चार-दिवसीय राजकीय यात्रा, ब्रिटेन से अमेरिका की आज़ादी की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर होगी.

शेल कंपनियों के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़

नई दिल्ली, 25 अप्रैल. दिल्ली पुलिस के बाहरी उत्तरी जिले की साइबर पुलिस ने म्यूल बैंक खातों और शेल कंपनियों के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है. इस

नेटवर्क का इस्तेमाल भारत और विदेशों में धोखाधड़ी के पैसे को ठिकाने लगाने और धन शोधन के लिए किया जाता था. आरोपी नेटवर्क ने कथित तौर पर मैसर्स मेसिट ट्रेडेक्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े एक ही बैंक खाते के माध्यम से महज आठ दिनों के भीतर 16 करोड़ रुपये से अधिक का लेन-देन किया. इस फर्म के डमी निदेशक के रूप में काम कर रहे सोनू कुमार और अमिंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है।

यूरोपीय संघ मानक जेट ईंधन को वैकल्पिक ईंधनों से बदलने के लिए सिफारिशें तैयार कर रहा है : ईएएसए

मास्को, 25 अप्रैल. यूरोपीय संघ की विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) कमी होने की स्थिति में मानक यूरोपीय जेट ईंधन 'जेट ए-1' के विकल्प के तौर पर 'जेट ए' के इस्तेमाल की अनुमति देने के लिए सिफारिश करने पर विचार कर रहा है. नियामक ने रूस की न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती को यह जानकारी दी. एजेंसी ने बताया कि फिलहाल इन सिफारिशों को जारी करने के लिए कोई समय-सीमा तय नहीं है.

गेहूं घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी

नयी दिल्ली, 25 अप्रैल. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पश्चिम बंगाल में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत गेहूं घोटाले से जुड़े मामले में कोलकाता, बर्दवान और हाबरा स्थित नौ ठिकानों पर तलाशी ले रही है.

▸ 9 जगह की गई कार्रवाई

यह कार्रवाई निरंजन चंद्र साहा और अन्य आरोपियों से जुड़े आपूर्तिकर्ताओं तथा निर्यातकों के परिसरों पर की जा रही है. प्रवर्तन निदेशालय ने यह जांच धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत शुरू की है, जो पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा बशीरहाट थाने में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर की गयी है.

यह मामला घोजाडांगा भूमि सीमा शुल्क केंद्र के उप आयुक्त की शिकायत पर दर्ज हुआ था, जिसमें कल्याणकारी योजनाओं के लिए निर्धारित गेहूं की बड़े पैमाने पर हेराफेरी का आरोप लगाया गया था.

जांच एजेंसी के अनुसार, आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से लाभार्थियों के लिए निर्धारित गेहूं को अवैध रूप से आपूर्ति श्रृंखला से बाहर निकालकर कम कीमत पर प्राप्त किया और फिर उसे खुले बाजार में ऊंची कीमत पर बेच दिया. इस प्रक्रिया में आपूर्तिकर्ताओं, अधिकृत वितरकों, डीलरों और बिचौलियों की मिलीभगत बतायी गयी है. जांच में यह भी सामने आया कि गेहूं की पहचान छिपाने के लिए भारतीय खाद्य निगम और राज्य सरकार केचिह्न वाले मूल बोरे हटाकर या उलटकर दोबारा भरे गये, ताकि उसकी वास्तविक उत्पत्ति छिपाई जा सके. इसके बाद इस गेहूं को वैध माल के रूप में दिखाकर खुले बाजार में बेचा गया या निर्यात किया गया, जिससे आरोपियों को अवैध लाभ हुआ और अपराध से अर्जित आय उत्पन्न हुई.

हरभजन के घर के बाहर 'गद्दार' लिखकर विरोध

चंडीगढ़ 25 अप्रैल. पंजाब की राजनीति में उस वक्त हलचल मच गई जब पूर्व क्रिकेटर और राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया गया। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जालंधर स्थित उनके आवास की दीवारों पर 'गद्दार' लिखकर अपना गुस्सा जाहिर किया।यह विरोध उस समय हुआ जब हरभजन सिंह समेत आप के सात सांसदों ने पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। इस घटनाक्रम के बाद पार्टी समर्थकों में नाराजगी देखने को मिली और उन्होंने इसे 'जनादेश के साथ विश्वासघात' करार दिया।

एफटीए से व्यापार, निवेश और नौकरियों को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली, 25 अप्रैल. भारत और न्यूजीलैंड के बीच प्रस्तावित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर कूटनीतिक और आर्थिक गतिविधि तेज हो गई है. इसी क्रम में भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा - न्यूजीलैंड के ट्रेड और इन्वेस्टमेंट मंत्री टॉड मैक्ले का भारत में गर्मजोशी से स्वागत किया.

यह मुलाकात 27 अप्रैल 2026 को होने वाली महत्वपूर्ण एफटीए साइनिंग से पहले हुई, जिसे दोनों देशों के आर्थिक संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत माना जा रहा है. दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत में व्यापार विस्तार, निवेश अवसर और बाजार पहुंच जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई.

इस प्रस्तावित समझौते से न केवल व्यापारिक बाधाएं कम होंगी, बल्कि दोनों देशों के

कारोबारियों को नए अवसर भी मिलेंगे. न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने भी इस समझौते को दोनों देशों के लिए 'गेम चेंजर' बताया है. न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने पहले ही संकेत दे दिया था कि यह एफटीए उनके देश के लिए बेहद लाभकारी साबित होगा.

खासतौर पर न्यूजीलैंड के एक्सपोर्टर्स को भारतीय बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी. वर्तमान में कई उत्पादों पर लगने वाले टैरिफ इस समझौते के बाद धीरे-धीरे कम किए जाएंगे, जिससे व्यापार अधिक प्रतिस्पर्धी और सहज बनेगा. इस समझौते का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए नए अवसर पैदा करेगा. न्यूजीलैंड की कंपनियां, खासकर मरीन टेक्नोलॉजी और विशेष इंजीनियरिंग उत्पाद बनाने वाली फर्म्स, भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति मजबूत कर सकेंगी.

वहीं भारत को डेयरी, कृषि तकनीक और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का मौका मिलेगा. विशेषज्ञों के अनुसार, यह एफटीए न केवल व्यापार बढ़ाएगा बल्कि रोजगार सृजन, निवेश प्रवाह और तकनीकी सहयोग को भी गति देगा.

NAME CHANGE

I **FATEMA ALI ASGER MASTER W/O ALI ASGER MASTER** HERE BY DECLARE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO **FATEMA MASTER W/O ALI ASGAR MASTER** HENCE FORTH, I SHALL BE KNOWN AS **FATEMA MASTER W/O ALI ASGAR MASTER** FOR ALL FUTURE PURPOSES.

ADDRESS: MOHALLA TAYYABPURA, BOHRA BAKHAL, MANDSAUR MADHYA PRADESH 458001.

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा निविदा संख्या: -E-NOSE-VB-01 के विरुद्ध अंतिम तिथि 20/05/2026 15:30 बजे तक (एकल पैकेट सिस्टम), आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम एवं स्थान: कार्य का नाम**: इंदौर कोचिंग डिपो में फ्रंट एंड (Front end) नोज कोन कपलर और साइड वॉल की एफआरपी की मरम्मत, पेंटिंग, पेटिंग और फिटमेंट का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत**: रु. 18,74,721.66/- (सभी कर, जीएसटी, एस. बी. एच. टी. सहित)। **बयाना राशि**: रु. 37,500/-. **समापन अवधि**: एल. ओ. ए. जारी होने की तारीख से 12 माह। **कार्यालय का पता जहाँ निविदाएं खोली जाएंगी**: वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर। **निविदा जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय**: 15:30 बजे दिनांक 20.05.2026 तक जमा करने का समय। निविदाएं IREPS की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **AK/20**

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे पार्किंग स्टेण्ड की ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट ई-ऑक्शन पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। **केटलॉग सं PARKING-RTM - 4, अनुबंध का प्रकार पार्किंग स्टेण्ड, लॉट नं. PARKING-RTM-BNG-TW- 86-26-1 (Barnagar TW), PARKING-RTM-RJQ-TW-89-26-1 (Rajendra Nagar TW)** अनुबंध की अवधि - 3 वर्ष ई-नीलामी की तिथि और समय सभी लॉट के लिए ई-नीलामी दिनांक **11.05.2026** को 11:00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **AK/19**

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

CAPRI GLOBAL CAPITAL LIMITED

कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड

पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय 502, टॉवर-ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013, सर्कल ऑफिस पता - 9बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली - 110060

मांग नोटिस

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के अंतर्गत, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अंतर्गत कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (CGCL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत डिमांड नोटिस जारी किए हैं, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) ("उक्त उधारकर्ता(ओं)") को उन्हें जारी किए गए संबंधित डिमांड नोटिस में उल्लिखित राशियों को चुकाने के लिए कहा गया है, जो नीचे भी दिए गए हैं। उपरोक्त के संबंध में, उक्त ऋणी(यों) को एक बार फिर सूचित किया जाता है कि वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर, नीचे उल्लिखित राशियाँ, साथ ही नीचे उल्लिखित तिथि(यों) से भुगतान और/या वसूली की तिथि तक लागू ब्याज, उक्त ऋणी(यों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हों, के साथ पठित ऋण समझौते के अंतर्गत देय, सीजीसीएल को अदा करें। ऋण की उचित अदायगी हेतु प्रतिभूति के रूप में, उक्त ऋणी(यों) द्वारा निम्नलिखित संपत्तियाँ क्रमशः सीजीसीएल के पास गिरवी रखी गई हैं।

स. क्र.	उधारकर्ता (ओं)/ गारंटर (ओं) का नाम	मांग नोटिस की तिथि और राशि	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति)
1.	(ऋण खाता संख्या) LNMESHA000109814 (पुराना) 80300005849534 (नया) (शामगढ़ शाखा) श्रीमान कपिल मांडलिया (उधारकर्ता) श्रीमती संतोषबाई कैलाशचंद, श्री कैलाशचंद्र मांडलिया (सह-उधारकर्ता)	14.04.2026 रू. 25,95,850/- (02.04.2026 तक)	वह संपत्ति जिसमें भूमि और भवन शामिल हैं, जिसका क्षेत्रफल 1170 वर्ग फुट (अर्थात 108.69 वर्ग मीटर) है, पटवारी हल्का क्रमांक 43, सर्वेक्षण क्रमांक 671, ग्राम - अजयपुर, तहसील - सुवासरा, जिला मंदसौर, मध्य प्रदेश - 458888, जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में शीतला माता मंदिर, पश्चिम में आम रास्ता, उत्तर में मंगिलाल लोहार का घर, दक्षिण में अहमद नूर मंसूरी का घर।

यदि उक्त उधारकर्ता सीजीसीएल को पूर्वोक्त भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो सीजीसीएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अंतर्गत उपरोक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करेगा, जिसकी लागत और परिणामों का जोखिम पूरी तरह से उक्त उधारकताओं का होगा। अधिनियम के तहत, उक्त उधारकताओं को सीजीसीएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा, उपरोक्त परिसंपत्तियों को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम के तहत बनाए गए एक्टर नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, उसे अधिनियम के तहत कारावास और/या दंड का सामना करना पड़ेगा।

स्थानः मन्दसौर
दिनांकः 26.04.2026

एसडी/- (प्राधिकृत अधिकारी)
कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल) के लिए

एच.डी.एफ.सी. बैंक लि.

HDFC BANK We understand your world

पंजीकृत कार्यालयः एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग लोअल परेल(पश्चिम) मुंबई- 400013
शाखाः एच.डी.एफ.सी. हाऊस, 10-A/1, एम.जी. रोड, इन्दौर-452001, **CIN:** L65920MH1994PLC080618, **वेबसाईट :** www.hdfcbank.com

आधिपत्य सूचना

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के सपठित धारा 13(12) में प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी/यों (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) द्वारा अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना पत्र जारी कर निम्नलिखित ऋणियों/वैध वारिसों/वैध प्रतिनिधियों को उनके नाम के सम्मुख दर्शाई गई राशियों के भुगतान तथा/या वसूली की दिनांक तक आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि सहित कथित सूचनाओं की दिनांक से 60 दिन के अंदर सूचनाओं में अंकित लागू दरों पर ब्याज सहित अदा करने करने हेतु निर्देशित किया था।

क्र.	ऋणीयों/वैध वारिसों तथा वैध प्रतिनिधियों के नाम	बकाया राशि	मांग नोटिस की दिनांक	आधिपत्य दिनांक	अचल संपत्ति (यों)/ सुरक्षित आस्ति (यों) का विवरण
1	रिधिमा मिश्रा उर्मिला कैलाश मिश्रा	₹ 25,02,252/- as on 31.08.2021	04.10.2021	22.04.2026 (भौतिक आधिपत्य)	फ्लैट नं. 203, उदयराज एवेन्यू, प्लॉट I-11, न्यू रानी बाग कॉलोनी ग्राम लिम्बोदी, इन्दौर, म.प्र. क्षेत्रफल 73.42 वर्गमीटर (790 वर्गफीट) **चर्तुःसीमाएं**: पूर्वः लॉबी, पश्चिमः अन्य प्लॉट, उत्तरः अन्य प्लॉट, दक्षिणः अन्य प्लॉट
2	श्री आशीष बलवंत बघेल, नमिता सिंह बघेल	₹ 23,97,236/- as on 31.03.2023	01.05.2023	22.04.2026 (भौतिक आधिपत्य)	फ्लैट नं. 207, स्पेस पार्क फेस I ब्लॉक सी, सर्वे नं. 124, 125/1, 125/2, 128/1, 128/2, ग्राम पिपलियाकुमार बालाजी हाइट्स के पास, इन्दौर-452010, सुपर बिल्ट अप क्षेत्रफल 98.51 वर्गमीटर **चर्तुःसीमाएं**: पूर्वः खुला क्षेत्र, पश्चिमः फ्लैट नं. 208, उत्तरः कॉमन पैसेज के बाद फ्लैट नं. सी-206, दक्षिणः खुला क्षेत्र
3	श्री अभिषेक भट्ट श्री विभा साबू	₹ 31,15,754.16 as on 31.10.2025	12.11.2025	22.04.2026 (सांकेतिक आधिपत्य)	आवासीय संपत्ति के संपूर्ण एवं शेष भाग पर निर्मित रॉ हाउस 17 सार्थक गैलेक्सी रॉ हाउस, सर्वे नं. 532/6, 532/5/1, 532/1, 532/3, 532/4, ग्राम राउ इन्दौर-453331
4	श्री लव सचदेव मीना सचदेव	₹ 14,23,679/- as on 31.05.2021	08.07.2021	24.04.2026 (भौतिक आधिपत्य)	फ्लैट नं. 307, ब्लॉक बी, तीसरी मंजिल, कॉसमॉस सिटी यूरोफिया, सर्वे नं. 174/ 2/4 /2, 174/2/4/1, ग्राम बिचौली मर्दाना, इन्दौर (म.प्र.), सुपर बिल्टअप 91.08 वर्गमीटर (980 वगफीट) **चर्तुःसीमाएँ**: पूर्वः कॉमन पैसेज के बाद फ्लैट नं. 306, पश्चिमः बिल्डिंग की खुली जगह, उत्तरः फ्लैट नं. बी-308, दक्षिणः कॉमन पैसेज
5	श्री धीरज पाटीदार श्रीमती कविता	₹ 20,80,743/- as on 31.10.2021	29.11.2021	24.04.2026 (भौतिक आधिपत्य)	फ्लैट नं. 101, प्रथम मंजिल, एलिशा अपार्टमेन्ट, प्लॉट नं. 236-237, गणेशपुरी कॉलोनी खजराना इन्दौर (म.प्र.) सुपर बिल्टअप 110.50 वर्गमीटर (1189 वर्गफीट) **चर्तुसीमाः पूर्वः** MOS के बाद रोड, पश्चिमः कॉमन पैसेज एवं सीढ़ियाँ, उत्तरःMOS के बाद प्लॉट नं. 237, दक्षिणः फ्लैट नं. 102

*भुगतान तथा/या वसूली की दिनांक तक के लागू ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि सहित। तथापि, उपरोक्त दर्शित ऋणियों तथा उनके प्रतिनिधि देय राशि के भगतान करने में असफल रहे हैं, उपरोक्त ऋणीयों/ तथा उनके प्रतिनिधियों को विशेषतः एवं सर्वसाधारण को सामान्यतः सूचित किया जाता है कि सपठित नियम 8 सहित कथित अधिनियम की धारा 13(4) द्वारा प्रदत्त अधिकारों के अंतर्गत एच.डी.एफ.सी. के प्राधिकृत अधिकारीयों ने उपरोक्त दिनांक को यहाँ वर्णित अचल संपत्तियों/सुरक्षित आस्तियों का **आधिपत्य** ले लिया है।
ऋणियों तथा उनके प्रतिनिधियों को विशेषतः एवं सर्वसाधारण को सामान्यतः सावधान किया जाता है कि उपरोक्त अंकित अचल संपत्तियों एवं सुरक्षित आस्तियों के संबंध में कोई संव्यवहार ने करें एवं सदर अचल सम्पत्तियॉं एवं सुरक्षित आस्तियॉं एच.डी.एफ.सी. के आधिपत्य में है। ऋणियों तथा उनके प्रतिनिधियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
पंचनामा की प्रतियां और विस्तृत सूची अधोहस्ताक्षरी के साथ उपलब्ध हैं, और यह कि ऋणियों/वैध वारिसों तथा उनके वैध प्रतिनिधियों को सामान्य कार्यालय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरित से संबंधित प्रतिलिपि एकत्र करने के लिए अनुरोध किया जाता है।

स्थान : इन्दौर
दिनांक : 26.04.2026

वास्ते/- प्राधिकृत अधिकारी
एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड